नीति आयोग का इतिहास व संरचना

samanyagyan.com/hindi/gk-niti-aayog-information

नीति आयोग जिसे नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर ट्रांस्फोर्मिंग इंडिया (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान) के रूप में भी जाना जाता है, भारत सरकार द्वारा गठित एक नया आयोग है जोकि योजना आयोग के स्थान पर कार्य कर रहा है। यह आयोग भारत सरकार के “थिंक टैंक” के रूप में कार्य कर रहा है जिस कारण यह समय-समय पर भारत सरकार को निर्देशात्मक एवं नीतिगत गतिशीलता प्रदान करता है।

नीति आयोग के बारे में संक्षिप्त जानकारी (Information about NITI Aayog):

स्थापना	1 जनवरी 2015
वर्तमान अध्यक्ष	श्री नरेंद्र मोदी (भारत के तात्कालिक प्रधानमंत्री)
वर्तमान उपाध्यक्ष	डॉ. राजीव कुमार
वर्तमान सीईओ (CEO)	अमिताभ कांत

नीति आयोग का इतिहास (NITI Aayog History):

नीति आयोग का इतिहास योजना आयोग से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2014 में भारत में सत्ता परिवर्तन के बाद बीजेपी की सरकार आई, जिसके बाद भारत के प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी जी ने कार्य करना शुरू किया। नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2014 को भारत के स्वतन्त्रता दिवस के दिन लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र के लिए नई संस्था नीति आयोग लाने की घोषणा की थी, जिसके बाद एक मंत्रिमंडल के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुये 1 जनवरी 2015 में नीति आयोग का गठन किया गया।

नीति आयोग की संरचना (Structure of NITI Aayog):

इस आयोग की संरचना योजना आयोग से काफी अलग है, इस आयोग में राज्य के मुख्यमंत्रियों तथा निजी क्षेत्र के विशेज्ञयों को अधिक अहम भूमिका दी गई है, जो संघीय ढांचे को मजबूत करेगी। इस आयोग की संरचना निम्न प्रकार से है-

1. **अध्यक्ष:-** नीति आयोग का अध्यक्ष भारत का प्रधानमंत्री होता है और वर्तमान में इसके तात्कालिक अध्यक्ष “**श्री नरेंद्र मोदी**” जी है।
2. **उपाध्यक्ष:-** नीति आयोग के उपाध्यक्ष की नियुक्ति भारत के प्रधानमंत्री करते है। इसके पहले उपाध्यक्ष के रूप में “**अरविंद पंगड़िया**” नियुक्त किया गया था, जिन्होनें अगस्त 2017 तक इसके उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया इसके बाद नीति आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में “**डॉ. राजीव कुमार**” नियुक्त किया गया।
3. **गवर्निंग काउंसिल:–** नीति आयोग के गवर्निंग काउंसिल में भारत के सभी मुख्यमंत्रियों, केंद्रशासित प्रदेश के राज्यपाल और प्रशासको को सम्मिलित किया गया है।

4. **विशेष आमंत्रित सदस्य:**– संबंधित कार्य क्षेत्र की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ और कार्यरत लोग, विशेष आमंत्रित के रूप में प्रधानमंत्री द्वारा नामित किए जाएंगे। वर्तमान में **"नितिन गडकरी","थावरचंद गहलोत"** और **"प्रकाश जावड़ेकर"** विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में कार्य कर रहे है।
5. **पदेन सदस्य:**– भारत के नीति आयोग के पदेन सदस्य के रूप में चार केंद्रीय मंत्री कार्य करते है। वर्तमान में **"1 राजनाथ सिंह", "2 अरुण जेटली", "3 पीयूष गोयल"** और **"4 राधा मोहन सिंह"** पदेन सदस्य के रूप में कार्य कर रहे है।
6. **पूर्णकालिक सदस्य:**– इनकी संख्या पाँच हो सकती है। वर्तमान में **"बिबेक देबराय", "विजय कुमार सारस्वत"** और **"रमेश चंद"** इसके पूर्णकालिक सदस्य है।
7. **अंशकालिक सदस्य:-** अग्रणी विश्वविद्यालय शोध संस्थानों और संबंधित संस्थानों से अधिकतम दो पदेन सदस्य, अंशकालिक सदस्य बारी के आधार पर होंगे।
8. **नीति आयोग के सीईओ (CEO):-** केंद्र के सचिव स्तर का अधिकारी, जिसे निश्चित कार्यकाल के लिए नियुक्त किया जाएगा वह इसका सीईओ होगा। वर्तमान में इसके सीईओ **"अमिताभ कांत"** है।